श्रीमानो हम यीशु से मिलना चाहते हैं
Sirs, we would see JESUS

[भाई ब्रन्हम नेविल के साथ बाते करते है जब यह मंडली Only Believe गाती है-सम्पा.]

[भाई नेविल कहते है आज रात्रि हम बहुत आनन्दित है, भाई ब्रन्हम मुझ से पूछ रहे थे यदि मेरे पास कोई संदेश है, आज रात्रि उनका मुझ पर अधिकार ही नहीं था परन्तू वह मुझ पर अधिकार जताते नहीं है आमीन; मैं प्रसन्न हूं, क्योंकि मैंने कहा मेरे लिए बहुत आदर की बात है कि वे यहां है, और मैं किसी भी बात से अधिक उत्साहित हूं जो मुझे बडे दिन से है, यह जानते हुए कि वह यहां पर है, और इसलिए प्रभु उनको आशीषित करे जैसे कि आज रात्रि वह यहां पर है यदि वह यहां खड़े हो यह अच्छा होगा, परमेश्वर की महिमा हो! परन्तु मैं आनन्दित हूं कि वह यहां पर है, जैसे कि वह यहां आते हैं प्रभु उन्हें आशीष दे''-सम्पा.]

धन्यवाद भाई नेविल धन्यवाद

2 मित्र शुभ संध्या, मैं भाई नेविल से कह रहा था, इस दोपहर बाद मैंने उनसे उनके घर पर फोन पर सम्पर्क करने की कोशिश की, मैंने नीचे जोर्जिया के लोगों से कहा और पिछले सप्ताह आस पास के लोगों से मै नहीं समझता कि मैं आज यहां होऊगा क्योंकि बहुत से लोग आते है

3 और फिर भी आप जानते है छोटे बच्चे आप उन्हें कोई अन्तर नहीं समझा सकते उनके लिए तो बस यह बड़े दिन का समय है और

उन्हें छोटा मोजा लटकाना नहीं है कि कुछ होगा यह तो यहां तक की हमारे राष्ट्र में रीति है कि वे एक मोजा लटकाते है और कुछ इस प्रकार से जब मैं छोटा था तो मैंने यह क्यों किया, यद्यपि यह पवित्र वचन से हट कर है, जैसे कि यह लकीर पीटना है, फिर भी बच्चे दूसरे बच्चो को कहते सुनते हैं ''भाई मुझे बडे दिन के लिये यह मिला है'' और छोटा बच्चा वहां खड़ा हुआ, देखता है आप जानते है, आप, आप उन्हें समझ नहीं सकते, देखा? इसलिए यहां टिकने के लिए बड़ा दिन है जी हां

4 और यह हमारे प्रभु का जन्मदिन नहीं है वह समय जब वह जन्मा, अब यदि आप आप अपने ग्लोब को ले और देखें और यहूदिया भूमध्य रेखा से कितना नीचा जैसा कि यह इसके ऊपर है इसलिए हम पाते है यहूदिया में उन पहाड़ो पर वहां बर्फ होती है ओह! वहां यहां से अधिक बर्फ होती है, इसलिए चरवाहे इस समय में पहाड़ो पर नहीं होते कि भेड़ो को चराये

5 और दूसरी बात, यह सारी प्रकृति के विपरीत है समझे? मेम्ने आदि वंसत में जन्मते हैं ना कि इस समय में, मेम्ने इस समय में नहीं जन्मते, भेड़ी इस समय मेम्ना नहीं जन्माती और आप देखिए वह परमेश्वर का मेम्ना है आप समझे, वह अप्रैल महीने के लगभग में जन्मा जैसा कि दावा करते हैं, अप्रैल के मध्य में कुछ ऐसा है

6 परन्तु यह दिसम्बर का 25 होने के नाते क्यों वह इसका जन्मदिन मानते है, वह सूर्य देवता समझे? रोमी बल सूर्य-देवता समझे? सूरज अब ठीक आधे के आस-पास होता है और 20 से 25 तक जब रोमी सरकार, सूर्य देवता के जन्म का मनाना

और इसलिए उन्होंने कहा ''अच्छा मसीही और पागान दोनों को खुश करने के लिये, बजाये सूर्य देवता के, परमेश्वर के पुत्र और सूर्य-देवता को एक साथ कर देंगे, इसलिए इस सब को एक समय मिला कर एक ही जन्म दिवस बना देंगे और इसे 25 दिसम्बर को कर देंगे

इसीलिए प्रतीत होता है कि पागन और कहलाने वाले मसीहो को खुश करने को, रोम कि पहली कलीसिया.....यह उनके लिए ठीक था,

उन्होंने चिन्ता नहीं की इसलिये उन्होंने सूर्य-देवता और परमेश्वर के पुत्र दोनों का जन्मदिन एक कर दिया

7 अब सबसे लम्बा दिन वर्ष में लगभग 21 या 22 मेरा मतलब सबसे लम्बी रात, मेरा अर्थ वर्ष की वह लगभग 21 या 22 थी जबकि सूर्य मंडल में सूर्य वापस आने को होता, वापस आ रहा है अब वे कुछ सेकंड या मिनटो का अधिक होगा और फिर जून या जुलाई हमारे पास वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है

8 इसलिए केवल यहां बड़ा दिन ठहराने के लिये, इसलिए हम इसमें कुछ नहीं कर सकते

बिना, ट्यूब के टायर टिकाने के लिए मुझे पसन्द नहीं परन्तु वे यहां है ओह यह ठीक है

9 अधनंगी स्त्रीयां, वे यहां ठहरने के लिए, छोटे-छोटे वस्त्र वे यहां टिके हुए हैं यही सब, वे सारे समय छोटे होते चले जाते हैं तो इसमें हम इस विषय में कुछ नहीं कर सकते, बस मैं यह कहता हूं कि यह गलत है, रुके रहे और ठीक है

10 पाप यह यहां टिकने के लिये, यहां ये टिकने के लिए, हम आगे इसे लेने जा रहे हैं जब तक यीशु नहीं आता और ये सारी चीजे यहीं टिकने वाली हैं

अब मैं विश्वास नहीं करता.....

11 मैं इसे और स्पष्ट कर दूं, मैं विश्वास नहीं करता कि यीशु इस बात की चिन्ता करेगा कि आपने उसके जन्मदिन की आराधना किस दिन की, यदि यह 25, 26 या चाहे अप्रैल, मई, जून यह कुछ भी हो सकता है, बस आप आराधना करते हैं आप उसकी आराधना किसी भी दिन करते हैं

12 परन्तु यहां जो वह है उन्होंने बड़े दिन कि पवित्रताई हटा दी, कि उसे बड़ा दिन नहीं होने दिया एक आराधना का दिन बल्कि आनन्द मनाने का दिन

देखिए? हम नहीं करते.....आपने लोगों को कहते सुना है कि ''हम बड़ा दिन मनाने जा रहे हैं'' यह गलत है, हमें बड़ा दिन कभी

नहीं मनाना चाहिए, बड़ा दिन आराधना का दिन है, ना कि मनाने का

13 हम लिंकन का जन्मदिन मनाते हैं, हम वांशिगटन का जन्मदिन मनाते हैं, यदि आप नीचे दक्षिण में हैं, तो हमें ली का जन्मदिन मनाना चाहिए या-या जैकसन का, उनके जन्मदिन मनाने के लिए हैं

14 मसीह का जन्मदिन, मै विश्वास करता हूं वह दिन पवित्रताई और आराधना का होना चाहिए। बजाए आज रात्रि, लोग आराधनालय में अपने घुटने पर, प्रार्थना, परमेश्वर को धन्यवाद देना उस बड़े दिन के वास्तविक दान के लिए

15 ऊंची ऐडी की जूतियां और रंगे हुए चेहरे, पीछे से नूकीले दो भाग के कोट, शराब के बर्तन एक दूसरे को देना और हजारों हजार डोलर की शराब और सिगार और सिगरेट आज रात्रि बांटी जाएगी जब की हजारों निर्धन, छोटे भूखे बालक बिना निवाले के या उनके सिर रखने कि जगह नहीं

16 आराधना, जिसकी हमें आवश्यकता है यही हमारे पास मनाने को ओह यह ठीक है, यही क्या ठीक नहीं, परन्तु हम इसे नहीं रोक सकते यह यही टिका है, हमारे पास बड़ा दिन वैसा ही होने जा रहा है

17 और Christmas शब्द Christmas मसीह के लिए Mass से आया है मसीह की मास C-h-r-i-s-t-m-a-s समझे मसीह का खीस्तयाग यह कैथोलिक रीति है

18 और मेरे छोटे वाले, मेरी लड़की का एक मैं उसे याद नहीं कर सक रहा हूं बीकी उस दिन उसे एक कहानी लिखनी थी उस पौराणिक रहस्य पर, और मैंने कहा ''बस सेंटा क्लोस पर लिखो'' यह यही है

19 सेंटा क्लोस ने मसीह का स्थान ले लिया और सेंटा क्लोस जैसा कभी कोई व्यक्ति नहीं हुआ यह पूरी रीति से कैथोलिक रीति रिवाज है, इसका प्रोटेस्टेन्ट से कोई लेना देना नहीं या इस विषय में कुछ या बड़ा दिन या मसीह के जन्म से बिल्कुल नहीं परन्तु सेंटा को यही होना है, परन्तु किसी दिन मसीह यहां रहने को आएगा, यही जिसकी हम राह देख रहे हैं

20 अब, मैं निश्चय ही चाहूंगा कि भाई नेविल आज रात्रि इस प्रचार मंच को ले रहे हैं, क्योंकि मैंने लोगों को कह दिया है कि आज मैं अलग रहूंगा और यदि मैं आया और कुछ भी कहता हूं, मैं इसका टेप बनाऊंगा, और मैं आशा करता हूं कि वे.....क्या आपका टेप चल रहा है, क्या आपने? [कोई कहता है ''जी हां'', संपा.] टेप बनाए, चाहे यदि पवित्र आत्मा सभा में समय के चलते कुछ बोले यह वह हो सकता है कि वे चाहेंगे, वे इसे सुन सकते हैं समझे?

21 मेरे पास कुछ पवित्र लेख हैं और आदि-आदि यहां लिखे हैं एक मूल पाठ और मैं नहीं जानता और मैं विश्वास करता हूं कि प्रभु इसे आशीषित करेगा, परन्तु इसकी यह बात है अक्सर रविवार रात्रियों में लोग यहां से लगभग 9 या दस मिनट के बाद निकल जाते हैं और आप के लिए अच्छा होगा कि एक से पहले बाहर चले जाये

22 इसलिए मैं समझता हूं कि वहां घड़ी है [भाई नेविल कहते हैं यह ठीक बात है-संपा.] क्या? कुछ मध्य रात्रि की सभा? [नहीं यहां आज रात नहीं] मेरा मतलब.....नहीं, आज रात नहीं, नहीं उसने यह सोच, हो सकता है मैं इसमें गड़बड़ा गया हूं, यह नए साल की रात है

23 भाई हम एक महान समय की आशा कर रहे हैं, नए साल की रात, वह समय है जहां हम, हर एक, सारे भाई आते हैं और हमारी एक महान संगति एक दूसरे के साथ उस नए साल की रात में

24 अब, परन्तू मैं इस विषय में आप लोगों को छेड़ रहा था और मैं आशा करता हूं कि यह टेप पर नहीं हैं

25 टेप बनाते हुए उस दिन कहा, मैंने इस चीज को बहुत बार उछाला, और मैंने उस टेप को खराब कर दिया उस पर मसीहत विरुद्ध पागानवाद टेप खराब हो गए थे

इसलिए यदि टेप चलाए जा रहे है यां भीतर आ रहे है मैंने चाहा है कि जो कोई लेना चाहता है दरवाजे पर आएगा और दरवाजा खोलेगा या ऐसे ही कुछ, इसलिए मैं जान जाऊंगा कि अब चालू है, मैं देखुंगा कि किस ओर बात को घुमाया जाए, यदि यह चल रहा है अच्छा ठीक है यह अच्छा है, मैं इसे पूरा करने जा रहा

हूं, इसे दूसरी ओर से लेने जा रहा हूं, मैं इसके लिए अभ्यस्त नहीं था।

26 अच्छा अब मैं उस सुअवसर को लेने जा रहा हूं कि इस कलीसिया को धन्यवाद दूं और यह अच्छी चीज के लिए एक सदस्य है जो कि आपने मुझे बड़े दिन के लिए दिया है, थोड़ी देर पहले मेरा पुत्र अन्दर आया और मुझे एक बड़ा बोक्स दिया और मैं अपने अध्ययन कक्ष में था अध्ययन कर रहा था और मैंने इसे खोला और एक नए सूट का कपड़ा मुझे मिला जो इस आराधनालय कि ओर से था।

और बहुत सी छोटी-छोटी व्यक्तिगत चीजे जो लोगों ने मुझे भेजी, जो वहां है, मैंने तब तक नहीं खोला जब तक जोई आज रात्रि नहीं आ गया और अपना वाला खोला और तब.....निश्चय ही मैं इसकी सरहाना करता हूं, प्रभु आपको अशीष दे।

मेरी इच्छा थी कि मैं हर एक को बड़े दिन का ईनाम दू मैं यह नहीं कर सकता, आप जानते हैं कि यह कैसे है कुल मिला कर आप यह नहीं कर सकते, यदि यदि आप किसी को देते हैं तो यह सम्मान को दर्शाता है इस प्रकार से और आप यह नहीं कर सकते, एक सेवक यह नहीं कर सकता।

27 और मैं समझता हूं कि भाई नेविल को इस सुबह नया कोट भेंट में दिया गया था, अपने भाई के लिए आपका बहुत आभारी हूं

28 एक छोटा सा भेद है जो मैं और बिली पौल जानते हैं

आप जानते हैं मैं किसी भी चीज में बहुत सुस्त हूं मै पकड़ा जाता हूं जैसे भी किसी भी चीज के लिए, उस दिन बिली ने मुझे बताया उसने, पिता जी आपको मालूम है मैं वहां सुपर बाजार में था ''और बोला मैं वहां किस से मिला?

(उसकी आवाज में थोड़ा कम्पन था) भाई नेविल और कहा वह एक ऊपर वाला कोट पहने थे जबरजस्त लग रहा था और मैंने कहा क्या मेरा उनको आ जाएगा? समझे?

29 और इस प्रकार और उसने कहा नहीं, वह आप से अधिक भारी है इसीलिए मैंने कहा ''ओह मैं उनके लिए एक लेने जा रहा

था''

30 इसलिए फिर, मैंने अपना चैक कलीसिया से लिया जैसे वह करते हैं, उस समय बिली भागता हुआ आया प्रभावित शब्दों के साथ और उसके चेहरे पर मुस्कान थी, डेडी कलीसिया उनके लिए एक लेने जा रही है मैं जानता हूं कि कलीसिया उनके लिए जो मैं लूंगा उससे अच्छा खरीदने वाली है, इसलिए मैने सोचा, कि यह तो शानदार है ताकी हम सारे सहायता कर सके, परन्तु हम जानते है कि यह वास्तविक अच्छे स्थान पर आता है, यह कोट भाई नेविल की आवश्यकता में है

31 आप जानते हैं मैं आपको इस विषय में थोड़ा कुछ बताना चाहता हूं, मैं इतिहास में पढ़ रहा था, यही जो मैंने पिछले कुछ सप्ताहों महीनों या दो में किया, बाईबल के इतिहास को लिया

32 एक बार मैंने पढा.....मेरी पहली पुस्तक पुराना नियम थी-

परमेश्वर पुराने नियम में क्या था तब मैंने नया नियम लिया और देखा परमेश्वर क्या था कि आज से तुलना करु, क्योंकि मैं जानता हूं उसे तो एक सा ही रहना है समझे?

33 तब कलीसिया कि एक जगह जहां मैं चूक गया और वह अन्तिम प्रेरित के जाने और अंधकार युग के आने के बीच का, जब कैथोलिक कलीसिया का राज्य स्थापित हुआ

वे सारे आश्चर्यकर्म खो चुके थे और कलीसिया में से सारी दिव्यता और सब कुछ और मैं जानना चाहता हूं कि उस समय में क्या घटित हुआ इसलिए मैंने कुछ प्राचीन इतिहास जो वहां थे निकाले जैसे कि हिसलॉप का, दो बाबुल और ब्रौडयूट का पिलग्रीम चर्च Fox's book of the Martyrs The Post-Nicene Father's. The Nicene council, Pre Nicene councile और वे सारे महान इतिहास जो कि समय के चलते लिखे गए उन मूल्यवान मनुष्यों के जीवन

जब मैं उन्हें पढता हूं तो प्रतीत होता है जैसे कि मैं लोंग फैलो का जीवन का गीत सुन सकता हूं

महान व्यक्तियों का जीवन हमे सब याद दिलाता

हम अपने जीवनों को प्रतापी बना सकते हैं

अपने पीछे अलग विदाई के साथ

समय को रेत पर पद चिन्ह

34 जब मैंने देखा कैसे वे पुरुष और महिलाएं पीछे कैसे निकले और देखा कि कैसे उसी सुसमाचार को वैसे ही बनाए रखा और जब उन्होंने उसी सुसमाचार का प्रचार किया और वही बाते जो पुराने नियम में नए नियम में घटित हुई और फिर ठीक वैसे ही

इसलिए यह एक दो तीन गवाहियां देते है, हर वचन प्रमाणित किया गया वहीं परमेश्वर जिसने पुराने भविष्यद्वक्ताओं के साथ व्यवहार किया, प्रेरितों के साथ व्यवहार किया और निसियन से पहले के भाईयों से व्यवहार किया

35 और यहां वह आज है अपने लोगों के साथ उसी प्रकार व्यवहार कर रहा है उन्हीं चिन्हों के साथ,

उन्हीं आश्चर्यकर्मों के साथ उसी सुसमाचार के साथ, वहीं सामर्थ वहीं परमेश्वर हर चीज

36 हमारे लिए तीन गवाहों के साथ कि यह सत्य है यही सत्य है, परमेश्वर ने यह तीन वाचाओं के साथ दिया समझे? कि इतिहास.....बाईबल इतिहास है कि परमेश्वर क्या था ऐसे ही पुराने नियम का इतिहास

37 नया नियम, नए नियम का इतिहास है

38 और निसियन कॉनसिल और फादर, पोस्ट निसियन कॉनसिल उस समय की कलीसिया का इतिहास है

39 और अब इतिहास उसी पर बन रहा है जैसा कि यह था यह इतिहास जो कि कभी नहीं लिखा जाएगा, नहीं, यह अब आगमन के बहुत समीप है

40 और परमेश्वर ने इन दिनों में एक मनुष्य की सहायता की है

लोग जो लोगों का सम्मान चाहते है, लोग जो स्वयं को लोक प्रिय बनाना चाहते है या लोगों के बीच में, क्या आप नहीं जानते कि मनुष्य जाति जब यह नष्ट होती है और वह सब जो उसके साथ नष्ट होता है? परन्तु स्वर्गीय धन को खोजते हैं वे कभी नष्ट न होंगे।

41 परमेश्वर की बहुतायत की आशीष आप सब पर रहे, आज रात्रि मैंने उन्हें बता दिया, यह मेरा रिवाज है कि कहीं भी रविवार को मैं आराधनालय में जांऊ यदि यह सम्भव हो सकता है।

42 और आज इस सुबह, मैं बहुत आना चाहता था कि भाई नेविल का संदेश सुनु, परन्तु इस प्रतिज्ञा करने के बाद, तो मैंने इसे तोड़ना नहीं चाहा।

43 इसलिए तब मैंने रेडियो सुनने का यत्न किया और आदि आदि और जितना मैं सुन सका कि सभा के तुरन्त बाद हम यहां खाने के कमरे में मिलेंगे और एक साथ कॉफी पीएंगे और भाई.....

कलीसिया आती है? कलीसिया को वह सराय है, आप इसे सराय क्यों नहीं कहते, बजाए कलीसिया को यह नहीं करना चाहिए, कलीसिया कॉफी की सभा नहीं है या दोपहर सा सांझ का खाना और इस प्रकार की चीजें।

44 हमारा प्रभु के साथ भोज है, कलीसिया यही जहां उसके साथ बात करती है।

45 मैंने अपनी पत्नी से कहा ''प्रिय मैं ऐसा आलोचक होता जा रहा हूं मुझे आराधनालय में जाना अच्छा नहीं लगता या प्रचार मंच पर जाना ओर मैं बूढा हो रहा हूं, मैं और खराब दिखाई पड़ता हूं और मैं, मैं वैसा नहीं होना चाहता परन्तु मुझमें कुछ है जो मुझे ऐसा होने के लिए उकसाता है।

46 तब मैंने कहा ''क्या मैं अपनी समझ खो रहा हूं? क्या नहीं मैं बाकी लोगों के साथ चलता हूं? क्यों नहीं मैं दूसरे भाईयों के तरह चलता हूं? क्यों नहीं मैं एक संस्थागत नहीं हो सकता वैसे ही बनाऊ जैसा वे करते हैं?

या मैं क्यों नहीं लोगों को ताड़ना देना छोड़ सकता हूं और इस

प्रकार की बाते? मैं क्यों नहीं यह कर सकता? तब मैंने कहा मैं सोचता हूं ''क्या मेरा अपना चित ठिकाने पर नहीं है? तब मैं वापस वचन पर आता हूं और यह वहां पर है मुझे वचन के साथ टिकना चाहिए

मैंने कहा'' मैं, यदि यह परमेश्वर के वचन के लिए नहीं है और मुझे मालूम है कि परमेश्वर है, तो मैं अपने लिए कहीं एक केबिन बनाऊंगा, दूर वहां ब्रिटिस कोलमबिया में वहां दूर कनाड़ा में पहाड़ों पर जहां मैं मनुष्यों को ना देखू, बस एक बार।

47 और वहां मैं परमेश्वर की आवाज को सोतो कि कलकल में सुनुंगा और उसे जब वह पहाड़ कि चोटि पर भेडिया चिल्लाता है सुनुंगा।

मैं उसको सुनुंगा जब वह चीड के बड़े-बड़े वृक्षों में होते हुए फुसफुसाता है और अपने सुन्दर चेहरे को झील के आईने में देखता है, जब यह बर्फ से ढकी चोटी के पहाड़ को परिवर्तित करता है, क्यों मैं अपने जीवन के हर दिन उसकी आराधना करुंगा वहां पर

48 मैं जानता हूं मैं प्रभु को और वास्तविक पाऊंगा, बजाए कि उसे कॉफी, भोजन और चाय पार्टी में सुन सकू और सब प्रकार की चीजे जो आज हमारे पास है कहलाने वाली कलीसिया, मतसार और काल्पनिक कथाएं, किस्से और हर चीज कि सुसमाचार का स्थान ले''

49 इससे अच्छा मैं वचन पढूं क्या मैं नहीं था, और मैं आरम्भ हो गया, अब इसके पहले हम पढ़े आईऐ जिसने इसे लिखा है उससे बात करें, जैसा कि हम अपने सिरो को झुकाते हैं

50 वे सब जिनके पास आज रात्रि निवेदन है, आज बड़े दिन की शाम, रात्रि होने के नाते, कुछ इस प्रकार से हो सकता है ''ओह प्रभु मैं मसीह के लिए अपने हृदय में अभारी हूं और पहले कभी से मैं आपके और समीप आना चाहता हूं

मैं वापस चरनी पर नहीं जाना चाहता, परन्तु मैं अपने हृदय को चरनी बनाना चाहता हूं, उस बालक मसीह के लिए नहीं परन्तु मसीह जो परमेश्वर है ''इम्मेनूएल'' क्या आप अपने हाथों को मसीह की ओर उठा कर प्रगट करेंगे? प्रभु आपके निवेदन को प्रदान करे

51 स्वर्गीय पिता हम यहां इस घर में जो प्रार्थना का घर कहलाता है एकत्र हैं, यह स्थान जहां पर हम प्रभु यीशु की आराधना के लिए एकत्र होते हैं, उसके महान कार्यो के ओर उसके वचन के सिखाने और विश्वास करते हैं कि वह वचन है।

इस रात्रि के लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं और इस सुअवसर के लिए जो हमारे सामने है कि जीवते परमेश्वर के वचन को जीवते लोगों के सामने लाएं और विशेषकर उन के लिए जो मसीह यीशु में जी रहे हैं, जो कि नए किए गए, और फिर से जन्मे हैं और नई स्रष्टी हो गए

और सौभाग्य कि हमे सामने रखना है–उस सच्चाई को उन्हें जो मसीह में नई स्रष्टि नहीं है कि इस रात्रि में वे मसीह में नई स्रष्टि हो सकते हैं, इन में से प्रत्येक को उनके हृदय कि इच्छा को प्रदान करे

52 और होने पाए आज रात्रि वे, यदि वे इससे पहले नहीं थे इस महान विश्वव्यापी में आ जाए, कैथोलिक कलीसिया यह कैथोलिक जैसा कि यह समस्त संसार में है, प्रेरिताई जीवते परमेश्वर के नया जन्म पाए संत, इसे प्रदान करें प्रभु।

होने पाए हर व्यक्ति इसका सदस्य हो जाए, क्योंकि यह एक देह है ना कि एक भवन, परन्तु एक देह मसीह की देह और हम इस देह के सदस्य हैं प्रभु इसे ग्रहण करे।

53 मसीह की ओर से- महान उपहार, होने पाए कि आज रात्रि वह लोगों पर उण्डेला जाए जो उसकी देह में हैं, ना कि एक मोहर बंद डिब्बा, ना कि उसमे बड़े दिन का उपहार जैसा कि हम संसार के मनुष्य एक दूसरे को देते हैं, एक दूसरे के लिए अपने प्रेम में सरहाना, परन्तु इसे वह पवित्र आत्मा कि मोहर होने दे जो मनुष्य जाति के प्राण में अन्दर उतर जाए उन्हें अनन्त जीवन दे पिता इन सबको एक साथ आशीषित करे।

54 जब की आज रात्रि जहां तक हम जानते हैं, स्वस्थ और प्रसन्न होने के नाते, एक अच्छी गर्म आग जली हुई है, हमारे सिर के ऊपर छत और उन हजारों के लिए सोचते हुए जो समस्त संसार में जिनके पास जाने के लिए कोई स्थान नहीं, स्वर्गिय पिता हम पर दयावान हो

और इस निवेदन को ग्रहण करें।

55 आज रात्रि हम मांगते है कि आप जो वचन आए आप आशीषित करें

56 हमारे पास्टर को आशीषित करें कलीसिया के ट्रस्टी ओर डीकन को अशीष दे और हर एक जो इसके साथ जुडा हुआ है देह कि सदस्यता में, फिर से जन्म पाने के नाते क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते है। आमीन

57 जैसा कि मैंने यह थोडी देर पहले आरम्भ किया कहने को संतो को पढने में, एक ठंडी रात्रि में संत मार्टीन आया और उसने पाया कि निर्धन बूढ़ा आदमी पड़ा है, दरवाजे पर जम रहा है, और लोगो ने पास से जाते देखा, जो कि योग्य थे कि उस बूढ़े व्यक्ति को दे सकते थे कैसा भी कपड़ा, परन्तु उन्होंने यह नहीं किया।

और तब वह यह जानते हुए कि यह करना उसका कर्तव्य था जब की उसके पिता और माता दोनों मूर्तीपूजक थे, परन्तु वह एक सिपाही था, इसलिए उसने अपना वस्त्र उतारा, और अपनी तलवार से उसे आधा काट कर दो में कर दिया, और उस बूढ़े को उसमे लपेट दिया और फिर चला गया, और लोग उस पर हंसे उसे अपमानित किया, बोले विचित्र दिखने वाला सिपाही! क्या ही धर्मान्दता है!

58 परन्तु उसी रात्रि, वह उस बैरक में जाग उठा जहां वह टिका हुआ था और वह एक दर्शन में था और उसने देखा कि वह एक कमरे में है और वहां यीशु चारो ओर स्वर्गदूतो से घिरे हुए खड़े है और यीशु ने उसी कपडे को अपने चारों ओर लपेटा हुआ है, उसी वस्त्र को

और उसने स्वर्गदूतों को कहा क्या तुम्हें मालूम है मुझे यह कहां से मिला''?

और उन्होंने कहा ''नहीं मेरे प्रभु''

उसने कहा ''मार्टिन ने मुझे इसमें लपेटा है''

59 इसलिए भाई मार्टिन तब जान गया कि सेवकाई में यह उसकी बुलाहट है- क्योंकि जब उसने उस बूढ़े व्यक्ति को कपड़े में लपेटा

था तो यीशु उस बूढ़े मनुष्य में था

इसलिए यदि वह एक बूढ़े मनुष्य में था जैसा कि हम उसे भिखारी या एक आवारा, सड़क किनारे पड़ा यीशु हम में से किसी के पास भी आएगा, तब उसे मालूम पड़ा ''जो कुछ भी तुमने इन छोटे से छोटे के साथ किया, मेरे छोटो के साथ, तुमने मेरे साथ किया'' परमेश्वर इसे स्मरण रखने के लिए हमारी सहायता करे।

60 अब आप जिनके पास अपनी बाईबल है और विषय को लिखना चाहते हैं, आज रात्रि पवित्र लेख में से दो स्थानों से पढ़ना चाहता हूं एक यशायाह में से और एक संत यहुन्ना में से

मैं 'यशायाह में से पढ़ना चाहता हूं 42वां अध्याय और संत यहुन्ना में से 12वां अध्याय मैं पवित्र लेख से पढ़ना चाहता हूं यशायाह 42 के पहले पद और नीचे तक 7वें पद तक

मेरे दास को देखो जिसे मैं सम्भाले हूं, मेरे चुने हुए को-जिससे मेरा जी प्रसन्न है मैंने उस पर अपना आत्मा रखा है, वह जाति-जाति के लिए न्याय प्रगट करेगा

ना वह चिल्लायेगा और न ऊंचे शब्द से बोलेगा, ना सड़क पर अपनी वाणी सुनाएगा कुचले हुए नरकट को वह ना तोड़ेगा और ना टिमटिमाती बत्ती को बुलाएगा; वह सच्चाई से न्याय चुकाएगा

वह ना थकेगा और ना हियाब छोड़ेगा जब तक वह न्याय को पृथ्वी पर स्थिर ना करे; और द्वीपो के लोग उसकी व्यवस्था की बाट जोहेंगे

परमेश्वर जो आकाश का सृजने और तानने वाला है, जो उपज सहित पृथ्वी का फैलाने वाला और उस पर के लोगो को सांस और उस पर के चलने वालो को आत्मा देने वाला यहोवा है वह यो कहता है

मुझ यहोवा ने तुम को धर्म से बुला लिया; मैं तेरा हाथ थाम कर तेरी रक्षा करुगा, मैं तुझे प्रजा के लिए वाचा और जातियों के लिए प्रकाश ठहराऊंगा कि तू अंधो की आंखे खोले,

बन्दियों को बंदीग्रह से निकाले ओर जो अंधियारे में बैठे हैं, उनको काल कोठरी से निकाले।

61 अब संत युहन्ना का 12वां अध्याय और हम 17वें पद से आरम्भ करे और नीचे 28वें पद तक पढ़े

तब भीड़ के उन लोगों ने गवाही दी, जो उस समय उसके साथ थे जब उसने लाजर को कब्र से बुला कर मरे हुओं में से जिलाया था इसी कारण लोग उससे भेंट करने को आए थे क्योंकि उन्होंने सुना था कि उसने यह आश्चर्यकर्म दिखाया है, तब फरीसियों ने आपस में कहा सोचो तो सही कि तुम से कुछ नहीं बन पड़ता देखो संसार उसके पीछे हो चला है

जो लोग उस पर्व में आराधना करने आए थे उनमें से कुछ यूनानी थे उन्होंने गलील के बैतसैदा के रहने वाले फिलिप्पुस के पास आ कर उससे विनती की ''श्रीमान हम यीशु से भेंट करना चाहते हैं

फिलिप्पुस ने आ कर इन्द्रियास से कहा, तब इन्द्रियास और फिलिप्पुस ने जा कर यीशु से कहा, इस पर यीशु ने उन से कहा'' वह समय आ गया है कि मनुष्य के पुत्र की महिमा हो

मैं तुम से सच सच कहता हूं जब तक गेहूं का दाना भूमि में पड़कर मर नहीं जाता, वह अकेला रहता है; परन्तु जब मर जाता है, तो बहुत से फल लाता है जो अपने प्राण को प्रिय जानता है, वह उसे खो देता है; और जो इस जगत में अपने प्राण को अप्रिय जानता है वह अन्नतता के जीवन के लिए उसकी रक्षा करेगा

यदि कोई मेरी सेवा करे, तो मेरे पीछे हो ले; और जहां मैं हूं, वहां मेरा सेवक भी होगा, यदि कोई मेरी सेवा करे, तो पिता उसका आदर करेगा

अब मेरा जी व्याकुल है इसीलिए अब मैं क्या कहूं? हे पिता, मुझे इस घड़ी से बचा? नहीं, क्योंकि मैं इसी कारण इस घड़ी को पहुंचा हूं, हे पिता, अपने नाम की महिमा कर तब यह

आकाशवाणी हुई 'मैंने उसकी महिमा की है, और फिर भी करूंगा''

62 अब मैं इसमें से एक विषय लेना चाहता हूं जिसे मैंने दूसरी प्रकार से प्रयोग किया है: श्रीमान हम यीशु से मिलना चाहते हैं।

63 कुछ समय पहले मैंने इस विषय को लिया था, परन्तु थोड़ा दूसरे प्रकार से जो आज रात्रि मैं लेने पर हूं।

अब यह दृश्य बड़े दिन के सन्देश से हट कर है, परन्तु मैं समझता हूं कि आज आप रेडियो पर आपने सुना होगा तीन पूर्वी पुरुष और बैतलहम का छोटा नगर और शांत रात्रि ओर सेवक को उसके जन्म के विषय में बोलते सुना और आदि आदि अपना बड़े दिन का सन्देश आज रात्रि सामने रख रहा हूं, इस दोपहर बाद आपके पास बहुत कुछ है और पिछले दो या तीन दिनों से, मैंने सोचा मैं इसे भिन्न दृष्टि से लूगा, उसके जन्म से नहीं और दूसरे प्रकार से बोलूगा।

और यह बहुत ही असामान्य रुढ़ीगत परन्तु यह असामान्य चीज कि हम परमेश्वर के वचन की सच्चाई देखते हैं यह असामान्य बात है।

64 यह परमेश्वर के वचन का असामान्य रुप है कि लोग उसे मसीह होने के लिए पहचाने ना कि सामान्य प्रवृति कि फरीसी और सदूकी आए, उन्हें बताया जा रहा है

यह असामान्य बात कि मसीह से मिले जो कि चरनी में जन्मा बजाए इसके की स्वर्ग के गलियारे से होकर नीचे आए, जैसा कि उन्होंने सोचा कि वह आएगा या जैसा वे- उन्होंने कहा वह आएगा।

65 यह एक असामान्य बात थी, जब यर्दन नदी पर, जब पहाड़ छोटे मेढे की नाई उछलने लगे और सन्देशवाहक उसके आगे-आगे भेजा गया।

बजाए इसके कि वह एक अच्छा सभ्य याजक होता जो बाहर आ कर उसके आगमन की उद्घघोषणा करता, एक ऐसे मनुष्य को देखेंगे जिसके सारे चेहरे पर दाढ़ी हो और झबरे बाल और जानवर की खाल का टुकड़ा अपने चारो ओर लपेटा हुआ हो वस्त्र के लिए।

और सम्भवत: टखने के ऊपर कीचड़ में चलता हुआ आया और हमे हिला देने वाला सन्देश प्रचार किया और उन फरीसी और सदूकी और उन शास्त्रियों को कहा ''तुम सांप की सन्तानों'' एक मनुष्य के लिए यह करना असामान्य है, परन्तु यह भी सत्य जीवन को ढूंढने का असामान्य मार्ग है, ना कि तय की हुई आम विधि, परन्तु असामान्य तरीका।

66 और आज रात्रि यह मेरी हार्दिक इच्छा है कि इस असामान्य पवित्र लेख में हम बड़े दिन का सच्चा अर्थ पाएगें, बडे दिन का हमारे लिए क्या अर्थ है, जिस प्रकार से अब हमें करना चाहिए या क्या, हमारी पहुंच बड़े दिन के लिए क्या होनी चाहिए।

67 अब हम यही वर पाते है, जैसा कि हमने यहां पढ़ा ये यूनानी लोग उससे मिलना चाहते हैं, वे यीशु को ढूढ़ने आए, कोई सन्देह नहीं कि वे, उन्होंने आपकी और मेरी तरह उसके लिए सुना, वे महान कार्य जो उसने किए थे और वह महान प्रचार जो उसने किया था और उसके जीवन की असाधारण बाते, इसीलिए वह एक असाधारण व्यक्ति हो गया था।

68 और मैं यहां थोड़ी देर के लिए रुकना चाहता हूं, यह कहने के लिए कि अधिकांश जब आप परमेश्वर को एक व्यक्ति के जीवन में पाते है, आप एक बहुत ही असाधारण व्यक्ति को पाते है जो कि बहुत ही असामान्य रीति से प्रयोग किया जाता है।

69 इसीलिए यीशु इसी प्रकार का व्यक्ति था और उसने लोगों को आकर्षित किया कि वे मालूम करे वह कहा था और कौन था।

70 और नि:सन्देह ये यूनानी मूर्ति पूजक पागन थे क्योंकि यूनानी मूर्ति पूजते हैं और वे महान थे, भाई मैं कहूंगा मूर्तिकार और खिलाड़ी और उन के पास बहुत सी कलाए, यूनानियों ने महान यूनानी कलाए बनाई जो की आज तक भी पूरी नहीं हुई उनकी कलाओ, में, और वे बड़े खिलाड़ी लोग थे

71 और यह बात जानते हुए कि कही तो कोई परमेश्वर था और उनके वे हजारो जिनकी वे पूजा करते थे और उन्होंने इतिहास के परमेश्वर के विषय में सुना था जिसने इब्रानियों के बीच आश्चर्यकर्म

किए थे और उन्होंने इस परमेश्वर के विषय में भी सुना जो आश्चर्यकर्म करने वाला इब्रानी परमेश्वर उनके राष्ट्र में फिर से उनके साथ था, इसलिए इसने उनका ध्यान आकर्षित किया, इसलिए वे यीशु से मिलने को आए।

72 अब ध्यान दे, अधिकांश जिस प्रकार से लोग यीशु को ढूढ़ना चाहते थे, कि किसी ऐसे को ढूढ़े जो उन्हें उसके पास ले जाए, एक अगुवा या उसका कोई सेवक, इस प्रकार वे उसे ढूढ़ते थे।

इसलिए यीशु यदि उसने कभी कोई सेवक चुना, उसने सदा किसी ऐसे को चुना वह जो लोगों को उसके पास ले कर आए, क्योंकि लोगों की सेवा करना ही उसका उद्देश्य था।

73 अब हम पाते है कि उन्हें यीशु के सामने लाया गया, अब ये यूनानी, फिलिप्पुस, उन्होंने फिलिप्पुस से सलाह ली और फिलिप्पुस ने कहा, यहां कोई है जो हमारे प्रभु से मिलना चाहता है, इसलिए मैं वह सम्मान नहीं लेना चाहता कि मै उन यूनानियों का अपने प्रभु से परिचय करवाऊ, इसलिए मैं इन्द्रियास के पास जाऊंगा कि मेरे साथ चले और इसीलिए जाते हुए उन्होंने इन्द्रियास को लिया और इन्द्रियास और फिलिप्पुस दोनो और इन यूनानियों को यीशु के सामने खड़ा किया

74 अब यहां एक महान बात है यह विषय जो असाधारण है जैसे ही इन यूनानियों ने यीशु के विषय में कहा, यीशु ने अपनी ओर संकेत नहीं किया या उसन स्वयं को उन पर प्रगट नहीं किया, क्योंकि आप यीशु को उस प्रकार से नहीं जान सकते।

75 यीशु को उस प्रकार से नहीं जाना जाता

परन्तु जैसे ही हम उसे यहां वचन में देखते है और जब इन यूनानियों को लाया गया, यीशु के पास लाया गया और वे उसके उपस्थिति में थे, ऐसा लगा कि यीशु कहेगा ''भाई ऐसा नहीं है.....मैं-मैं यहूदी जाति का मसीह हूं, यह तो भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा भविष्यवाणी की गई है, प्ररेणा में सदियों से होते हुए और अब मैं यहां पर हूं।

और मैं.....नासरत में जन्मा, मैं यहूदी मां से हूं, मेरा पिता परमेश्वर है और मैं यहा स्वयं का आप यूनानियों पर प्रगट करने के

लिए हूं अब यह काफी कुछ इसके 1961 संस्करण के समान होता।

76 परन्तु देखिए जैसे ही वे उसकी उपस्थिति में आए!

यही विशेष बात है कि लोगों को उसकी उपस्थिति में लाए, जैसे ही उसकी उपस्थिति में आए यीशु ने कहा जब तक दाना भूमि में पड़कर मर नहीं जाता, वह अकेला रहता है।

कैसी असामान्य बात है, बजाए कि उनका परिचय सुनता, जो काम उसने किया उसने उन्हें उधर कि ओर संकेत किया कि वे उसे पा सकें ''जब तक कि दाना भूमि में पड़ कर मर नहीं जाता, वह अकेला रहता है''।

77 उसने यहां क्या किया? उसने महान सत्य की ओर संकेत किया कि उसे कैसे देखे, वे उसे अनन्त जीवन के मार्ग से होते हुए नहीं देख सके, बस खड़े होकर जैसा वह था वह एक मनुष्य था।

78 कुछ दिनो पहले प्रातः मुझे लगभग सुबह नौ या दस बजे एक दर्शन मिला।

79 मैं प्रभु से प्रार्थना कर रहा था, मुझे निरन्तर अनुभव हो रहा था कि इस वर्ष विदेश में मेरे लिए बुलाहट हो रही है, आरम्भ होकर समस्त संसार में।

मैं नोर्टो जाना चाहता था और मैं जर्मनी अफ्रीका और बहुत से राष्ट्रो में जाना चाहता था, इस वर्ष यदि प्रभु कि इच्छा हुई, जाने के लिए मेरे हृदय में एक बुलाहट थी।

80 और मैं प्रभु से प्रार्थना कर रहा था और एक दर्शन मेरी आखों के सामने आया और मैं वहां खड़ा हुआ था, फर्श पर चहलकदमी करते हुए एक कमरे में प्रवेश कर गया जहां दो स्त्रीया खड़ी थी, विशेष थी, एक एक काउन्टर पर थी दूसरी, दूसरे काउन्टर पर थी, वे अलग-अलग चीजे बेच रही थी।

एक क्षण के लिए मैं वहां खड़ा हुआ और आश्चर्य हुआ कि यह कि विषय में था, तब मैंने देखा एक व्यक्ति अन्दर आया और इस काउन्टर की स्त्री से खरीदा, एक इत्र की बोतल जो दूसरे के लिए सम्भवतः उसकी पत्नी के लिए।

81 तब मैंन जाकर कहा ''यह इत्र कितने का था? मैं अपनी पत्नी के लिए लेना चाहुंगा परन्तु मुझे लिलेक चाहिए, मुझे लिलेक पसन्द है''।

82 और उसने कहा याने स्त्री ने कहा ''यह छोटी बोतल जो

उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लिए खरीदी चालिस सेंट की है परन्तु वह लिलेक नहीं है, लिलेक की दूसरी बोतल एक डालर और 99 सेंट की है'' और मैंने कहा मैं वह लूंगा।

83 और मैने पैसों के लिए अपना बटुआ निकाला और मैंने सोचा मैंने उसे एक-एक डोलर के दो नोट दिए हैं।

84 वापस करते हुए उसने कहा श्रीमान यह मुद्रा मैं नहीं पहचानती और उसने मुझे वापस कर दिए और यह कनेडियन पांच डोलर का नोट था।

85 और मैंने कहा ''मुझे क्षमा करना मैंने सोचा यह डोलर है''

और तब मैंने कहा मैं, मैं एक मिशनरी हूं और अपने मिशन पर हूं, मुझे संसार के विभिन्न भागों से पैसे मिलते हैं और इसमें मैंने गलती कर दी।

86 इसलिए उसने पांच डोलर का नोट वापस कर दिया और मैंने उसे अमरिकन एक डोलर का नोट दिया और उसने मुझे खुल्ले पैसे दिए और उसने कहा मिशनरी? और मैंने कहा हां माता जी।

87 और जब मैं बात करते हुए उसे देख रहा था, उसने दूसरी स्त्री को देखा और उसने एक प्रकार से सिर हिलाया और उसने कहा ''प्रिय क्या तुम विश्वास करती हो कि भाई ब्रन्हम ठीक है कि आज हम महिलाओं को वैसा ही रहना चाहिए जैसा उसने हमें बताया, कटे हुए बाल और अपने कपड़े और इस प्रकार की बाते? कहा क्या आप नहीं सोचती कि इस विषय में वह गलत है?

88 उसने कहा ''जी हां'' उसने कहा ''प्रिय चलती रहो तुम रूत या जो भी उसका नाम था इसे कहने का आपमें प्रेरणा होनी चाहिए''

89 तुरन्त ही मैं जान गया कि मैं दर्शन में हूं, इसीलिए मैं जान

गया यह दो स्त्रीयां सदा से ही थी समझे? ये दोनों एकवाद और त्रिएकता की कलीसिया, वे वहां पर खड़ी हैं।

90 और कहा ''हां'' बोली मैं नहीं सोचती हूं कि हमें चाहिए क्योंकि हमने उसकी आंख कभी नहीं देखी, हमने उसका श्रृंगार कभी नहीं देखा, हम नहीं जानते कि वह कैसा दिखता है, इसलिए हम यह क्यो करेंगे?''।

91 और मेरे पास एक पुराना गश्त लगाने वाला सूट था और मैंने उस स्त्री से कहा मैंने कहा मेरी बहन एक क्षण देखिए आपको बाईबल के अनुसार ही रहना है, कोई मतलब नहीं कि यह कैसा था।

92 वह बोली परन्तु हम पहले कभी नहीं रहे और हमने उसे कभी नहीं देखा मैंने कहा मैने उसे देखा है''।

93 और मैंने कहा मामला ऐसा है.....''मैंने सोचा'' प्रभु अब मैं दो महान बुद्धिमान कलीसियाओं के सामने हूं अब आप ही मुझे बुद्धि प्रदान करे''।

94 और तब इसलिए मैंने अपने आपको उनसे बाते करते हुए सुना, मैं चाहता हूं कि आप इसे जांचे, मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा नहीं सोचा।

मैंने कहा ''एक मनुष्य को आज वैसा ही होना है जैसा वह तब था, क्योंकि वह वही मनुष्य है, वह पांच इन्द्रियों से बना है और यदि वह खड़ा हो कर उसे देखे सीधा उसके मुख पर, उसके पास विश्वास की छठी इन्द्री होनी ही चाहिए कि उस पर विश्वास करे, कोई मतलब नहीं की वह कैसा दिखता है, जो भी है उसे उस पर विश्वास करना ही है।

95 और उनके चेहरो पर लज्जा थी और कहा, श्रीमान हमने यह कभी नहीं देखा इस प्रकार से और जाने लगे, तब मैं मुड़ा और मिशन कार्यक्षेत्र के लिए आरम्भ किया जो कि मैं जानता हूं यह वापस कार्य क्षेत्र में बुलाहट थी।

96 अब देखिए, उसने उन्हें उसकी उपस्थिति में होने का संकेत दिया, मसीह ने सत्य की ओर संकेत दिया, उसने कहा कि उसे कैसे

देखे कि क्रूस पर जाना था, यही जहां वह है क्रूस पर।

जब तक गेहूं का दाना ना गिरे, वह अकेला रहता है और यदि वह ना मरे तो उसे अकेले ही रहना है स्वयं में, यदि वह मरा नहीं है।

परन्तु वह एक गेहूं का दाना होने के नाते जो भूमि पर गिरा ''और तब यदि यह भूमि पर गिरता है उसने कहा तकि वह बहुतायत को लाएगा, यदि यह भूमि पर गिरता है और मरता है।

पहला इसे, अंकुरित बीज होना है या फिर वह कुछ नहीं लाएगा, परन्तु इसके पहले कि वह भूमि में गिरे उसके पास जीवन होना ही चाहिए और उसके अन्दर अन्नत जीवन था क्योंकि वह इम्मेनवेल था और उसे अपना जीवन देना ही था ताकि वह जीवन को फिर से ले आए।

97 गेहूं के समान ले आप कहते है गेहूं का एक दाना कैसा कर सकेगा? यहो जो घटित हुआ, इस दाना गिरा, यह सौ दानो के ले आया, सौ दाने गिरे हजार दाने ले कर आए एक हजार दाने गिरे और लाखों दाने ले आए, लाखों दान गिरे और नौका भर कर ले आए और आगे और आगे आगे जब तक यह समस्त संसार को खिलाएं।

98 उसका यही अर्थ था ''यदि में अपना जीवन अकेले ही जीऊ और इस प्रकार मंरु, मैंने अपना जीवन अकेले जीया, तो फिर तो मरे बाद कोई फल न होगा परन्तु यदि मैं भूमि में गिर जाऊ परमेश्वर की इच्छा के आधिनता में और मैं एक नया जनम ले कर आऊंगा।

और नए जन्म में, यह एक और नए जन्म को ले कर आएगा जब तक की सारा संसार मिशनरी हो जाएगा सुसमाचार को प्रचारु'' इस सुसमाचार को मेरी गवाही में सारे संसार में प्रचारित होना ही है जो विश्वास करते है उनके चिन्ह यह होंगे।

99 इसलिए यदि हम स्वयं में अपनी सेवकाई में और अपने विचारो में और अपने जीवन में, यदि हम वैसे ही रहे जैसे हम है, हम भला ही कर सकते, हमें तो वेदी पर मरना ही है या फिर हम अकेले रहेंगे।

हम किसी नामधारी या किसी मतसार के लिए जीयेगे, हम किसी संस्था के लिए जीयेगे, परन्तु यदि हम स्वयं में कर जाए, तो पवित्र आत्मा हमारे होठो के द्वारा हर कही फैल जाएगा, हमे मरना ही है

इसलिए आज बहुत सारे इसलिए यह अब जैसा है, कि यदि.....हमें महसूस करना चाहिए कि हमे मरना ही है ताकि नया जीवन ले कर आए, इसलिए उसने इसके लिए इतना कहा है यदि तुम मुझे देखना चाहते हो, तुम्हे मरना ही है, स्वयं में मर जाओ तब आप नया जीवन लेकर आओगे।

100 अब यदि हम उसे देखना चाहते हैं, यदि अप उसे देखने की आशा करते है, आपन कलीसिया के सदस्य बन कर उसे कभी नहीं देख सकेंगे, कुछ नियमो की किताबे जिनका आपको पालन करना है, कुछ मतसार जिनकी आपको सेवा करनी है, जब आप मरेंग तब आप उसे देखेंगे, जब आप कलवरी पर आते हैं और स्वयं को क्रूस पर चढ़ा देते है तब आप यीशु को देखते है, हमें उससे मिलना ही चाहिए।

101 इसके पहले की वह कुछ भी कहे, उसने उस स्थान की ओर संकेत किया जहां उसे ढूंढे, जैसे की सारे अन्यजाति या सारे लोग, आप यीशु को क्रूस पर पाते है जब आप उसके संग क्रूस पर होते हैं।

102 आज हम उसको हर चीज में ढूढ़ना चाहते हैं, हम उसे कलीसिया के भवन में ढूढ़ना चाहते है, हम उसे नामधारी में ढूढ़ने का यत्न करते हैं, हम उसे किसी मतसासर के उच्चारण में ढूढ़ना चाहते है, हम यत्न करते हैं कि कुछ दिनो का पालन करके कुछ निश्चित रिवाजो के मानने से पा ले।

परन्तु हम नहीं पा सकते जब तक हम कलवरी पर ना आए वहां हम क्रूस पर चढ़ते हैं, भूमि की मिट्टी में गिर जाते है और स्वयं में मर जाते हैं, और फिर से जन्म लेते हैं तब हम यीशु को पाते हैं।

103 ओर आज बहुत से यत्न करते हैं कि अपने विचारो में स्वयं को बनाए रखे, इसके लिए मेरे अपने ही विचार है मैं यह विश्वास करता हूं, जब तक आप स्वयं में ना मर जाए आप मसीह को नहीं पा सकते और उसे स्वीकार करते है, वह वचन तब आप जीवन पाते

है आईए देखे।

104 आज कितना अन्तर है! आज कितना अन्तर है, आज, कलीसियाओं के साथ या आज के चेलो के साथ, वे क्या करते हैं, यदि आज आप चेलो के पास आएं?

105 वे चेले, इसके पहले कि वे कुछ करे, वे इन यूनानियों को यीशु कि उपस्थिति में ले गए और यदि वह आज कल और सर्वदा तक एक सा है, तो उसे आज भी वैसा ही व्यवहार करना चाहिए, यदि आप उसकी उपस्थिति में लाए हैं।

106 आज चेले बहुत ही भिन्न है, आज के वे आपको पालने या चरनी में या एक सेंटा क्लोज के पास ले जाने का यत्न करते है या एक खरगोश के पास ईस्टर के लिए या कुछ और बजाये मसीह के, वे आपको मसीह की उपस्थिति में कभी नहीं लाएंगे, बड़ा दिन मसीह नहीं है, नहीं।

आज वे आपको किसी और स्थान पर लाते हैं, किसी मूरत के पास, किसी कलीसिया, किसी संस्था किसी व्यवस्था कि शिक्षा, परन्तु आपको मसीह की उपस्थिति में कभी नहीं लाते।

107 एक वास्तविक सच्चा चेला आपको सीधा मसीह कि उपस्थिति में ले कर जाएगा, और वहां से मसीह आपको दिखाएगा कि आपको क्या करना है।

108 अब, आत्मा बड़े दिन से जा चुका है, आज किसी ने कहा मैंने उन्हें रेडियो पर सुना, एक व्यक्ति तर्क दे रहा था, एक सेवक के विषय में ''बहुत से लोग आज यह कह रहे हैं, कि यह बड़ा दिन नहीं है और हमें सेंटा क्लोस आदि चीजे नहीं लेनी चाहिए''।

और वह व्यक्ति अपनी बात को स्पष्ट करना चाह रहा था, यदि आप सेन्टा क्लोस को बड़े दिन से निकालते हैं तो आप आत्मा को बाहर करते हैं आप सेन्टा क्लोस की आत्मा को बाहर करते हैं, यह सच बात है।

109 और सांता क्लोस का आत्मा नहीं है.....

सांता जर्मन कि कोई देत कथा है, जर्मन कैथोलिक का रिवाज

वह आत्मा नहीं जो बड़ा दिन बनाता है, मसीह का आत्मा, पवित्र आत्मा की ओर संकेत करता था, जो कि उत्सव नहीं था, परन्तु जीवित परमेश्वर की आराधना है।

110 परन्तु उसने कहा तुम सेन्टा क्लोस को बाहर कर दो तो बडे दिन में आत्मा नहीं रह जाता, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक सेवक रेडियो पर ऐसी बात कर रहा है? परन्तु जो उसने कहा, कहा, आप सेन्टा क्लोस को बाहर कर दे और फिर आपमें बड़े दिन का आत्मा नहीं रहता ''भाई यह हो सकता है, शब्द क्रिसमस का प्रयोग करते हुए आपके पास उतना कुछ नहीं होता''।

111 परन्तु आप अपने जीवन से सेन्टा क्लोस को बाहर कर दे, अपने हृदय को खोलें और मसीह को अन्दर आने दे संसार की चीजो के लिए मर जाए, ताकि आप वास्तविक बड़ा दिन पा सके।

112 जी हां, इसमें बहुत ही अन्तर है, यह क्या हुआ करता था परन्तु यह बदल गया, नहीं नहीं मसीह नहीं बदलता, आज के चेले पुराने चेलो से बहुत भिन्न हैं।

आज, चेले वक्ताओं को लाते हैं, या बल्कि खोजी है, बजाए.....पुराने चेले खोजने वालो को परमेश्वर की उपस्थिति में लाते थे और आज, आज के चेले उन्हें किसी कलीसिया की संस्था की उपस्थिति में लाते हैं, कोई संबंध कोई मतसार, कोई शिक्षा, बजाए इसके कि मसीह की उपस्थिति में ले कर आए।

113 हम बड़े दिन के शब्द को ले, यह बहुत ही कम है कि आप मसीह के नाम का उल्लेख सुने, आप इसका उल्लेख नहीं सुनते केवल बत्तिया और चमकीले सब सेन्टा क्लोस पर, मसीह पर नहीं, यहां तक कि कुछ लोग जानते है कि बड़ा दिन वास्तव में किस लिए है, उन्होंने इसको पागानवाद बना दिया और पागान कर दिया। जब तक कि यह पागान नहीं हो गया यह महान अर्थ व्यवस्था का दिन है, मनाने का।

अब यदि वे इसको व्यापार का दिन बनाना चाहते है जैसे मदर-डे या फादर-डे या सन्स-डे या डॉटर-डे यह ठीक है परन्तु व्यापार को बड़े दिन से अलग रखे, मैंने अधिक समय नहीं हुआ एक विज्ञापन देखा, कहा ''फिर से मसीह को वापस बड़े दिन में ले कर

आओ''।

114 अब वे आपको कलीसिया में लाते हैं और आप मतसार सीखे वे आपको बड़े दिन पर लाते हैं, आप क्या करते हैं? आप सेन्टा क्लोस को देखते हैं, वे आपको कलीसिया में लाते हैं अब संस्था को देखते है।

115 परन्तु मसीह उन्हें क्रूस के पास लाया

और जब आपको वास्तविक चेला मिलता है वह आपको मसीह की ओर ले जाएगा, मसीह आपको क्रूस की ओर ले जाएगा, जहां आप उसके संग क्रूस पर चढ़े, और उसका अनन्त जीवन और आपका जीवन एक साथ मिलते है और आपका जीवन मर जाता है और आप उसका अनन्त जीवन ले लेते है और फिर आप परमेश्वर के पुत्र हो जाते हैं। आमीन

116 पुराने चेलो में आज के चेलो में कितना अन्तर है

117 यदि आप एक चेले को उल्लेख करते हैं ''मैं प्रभु यीशु को हृदय से जानना चाहता हूं''।

118 अच्छा अब देखे हम अमूक-अमूक कलीसिया से है आईए और उसके सदस्य बन जाए, हमारे साथ मिल जाए समझें? या हम थे.....हम अमूक-अमूक समाज से है आकर उसके सदस्य हो जाए और यही जो आप सुनते है।

119 परन्तु मसीह ने स्वयं लोगों को अपनी मृत्यु की ओर संकेत किया और कहा ''जब तक की गेहूं का दाना भूमि में नहीं गिर जाता, वह अकेला रहता है।

120 ओह यह कितना अन्तर है जी हां श्रीमान कितना अन्तर है

परन्तु आपका जीवन और उसका जीवन एक दूसरे को पा लेते हैं कलीसिया में नहीं, भवन में नहीं, मतसार में नहीं अच्छे कार्यो में नहीं परन्तु क्रूस पर जहां आप क्रूस पर उसके साथ चढ़े, जहां आप मसीह को पाते हैं।

आप उसको अच्छा करके, नया पृष्ट उलट कर, नया जीवन

आरम्भ करके नहीं पाते, आप मसीह को नहीं पाते, आप मसीह को केवल मृत्यु में पाते हैं।

चरनी में नहीं, पाप स्वीकार किसी विशेष मतसार और कथा में विश्वास आप मसीह को वहां नहीं पाते।

121 एक सच्चा सेवक आपको उसके पास ले जाता है और वह वचन है।

आप कहते है तो फिर भाई ब्रन्हम यदि आज मसीह पृथ्वी पर है एक सच्चा दास उसे उसके पास ले जाएगा मसीह के''।

मसीह यहां पर है, वचन के रूप में और वचन जीवन लाता है क्योंकि वह जीवन है, मसीह वचन है जी हां श्रीमान वह स्वयं में वचन है, सच्चा दास सदा आपको वचन के पास लाता है।

122 अब वह वचन है, वह इस बाईबल को जीवित करता है और जब आप स्वयं मसीह के साथ मर जाते है, जैसे कि गेहूं का दाना तब वचन आपको जीता है, वही परिणाम लाता है, जैसे कि वह जीवित गेहूं के बीज में जो भूमि में बोया गया। आमीन

आप उसके पुनुरुत्थान के भागी है, आप उसके साथ उसकी सारी आशीषों में उसके सारे प्रग्टिकरण में भागी है आप उसके साथ उस सब में जो उसने किया साझी है?

अब, वह वचन है उसके सच्चे अनुवाद के साथ

123 अब आप कहते है, ओह श्रीमान हम बाईबल का विश्वास करते है, हम बाईबल का विश्वास करते हैं।

124 परन्तु अब यदि बाईबल का विश्वास करते है, तो यीशु ने इस बाईबल को कहा संत यहुन्ना 14:12 वह जो मुझ पर विश्वास करता है, वे कार्य जो मै करता हूं वह भी करेगा ''वह जो मुझ पर विश्वास करता है, वे कार्य जो मैं करता हूं वह भी करेगा''।

बाईबल की यही सच्ची व्याख्या है, क्योंकि परमेश्वर स्वयं आप में है अपने ही व्याख्या को फिर बोल रहा है महिमा हो! यही सच्ची व्याख्या है, परमेश्वर आप में स्वयं अपने वचनों की व्याख्या

कर रहा है, आमीन, क्या यीशु ने नहीं कहा, विश्वास करने वालो के यह चिन्ह होंगे''?

[सभा ''आमीन'' कहती है सम्पा.] परमेश्वर आप में, अपनी व्याख्या दे रहा है, आपको किसी की ओर नहीं देखना है, कहे की वचन यह कहता है ''इसका विश्वास करे और यह स्वयं का अनुवाद करेगा, क्योंकि यह परमेश्वर है आपको अपने वचन के अनुवाद के लिए प्रयोग कर रहा है आमीन, मसीह अपने ही वचन का जीवित व्याख्या है।

125 आईये हम कुछ को देखे कि वह कैसे वचन का अनुवाद करता है, अब यदि उसके पास सही अनुवाद है।

126 अब हम यहां मैथोडिस्ट में जाते हैं, वे कहते हैं, हमारे पास सही अनुवाद है, बेपटिस्ट वे कहते हैं, हमारे पास सही अनुवाद है, कहलाने वाला कराईस्ट ऑफ क्रिस्ट वह कहते है हमारे पास सही अनुवाद है।

उस सब के पास सही अनुवाद है? वे सब भिन्न-भिन्न है एक दूसरे से, तो फिर कहीं कोई गड़बड़ है।

127 केवल एक ही विधि है कि हम ढूंढ़ सकते है, वहीं मार्ग जो यीशु ने यहूदियों को बताया कि वचन की कैसी व्याख्या करे आमीन और यदि मसीह ने ऐसा कहा तो यह ठीक है।

128 मैथोडिस्ट कहते है ''जिस प्रकार हमारे भाई अनुवाद करते है वह सभा'' बेपटिस्ट कहते हैं ''जिस प्रकार हम व्याख्या करते हैं,'' प्रेसबिटेरियन कहते है जिस प्रकार हम इसकी व्याख्या करते हैं परन्तु तरीका यह है जो यीशु इसकी व्याख्या करता है यह ठीक बात है।

129 आईए देखे वह कैसे इस वचन का अनुवाद करता है, उसने कहा यदि मैं अपने पिता के वचन के अनुसार कार्य ना करू तो मेरा विश्वास ना करना'' यह तय हो गया।

उसने ऐसे खुलासा किया, उसने कहा, यदि तुम मेरा विश्वास नहीं कर सकते तो जो काम मैंने किए उनका विश्वास करो और यदि मैं अपने पिता के कार्यों को ना करू तो इसका विश्वास बिल्कुल ना

करो ''आमीन'' यह तय हो गया।

वह जो मुझ पर विश्वास करता है तो वे कार्य जो मैं करता हूं तुम भी करोगे अब वहां कुछ सही और कुछ गलत है या दोनों, हम क्या कर रहे हैं? हम क्या खेल कर रहे हैं?

130 तो फिर हम यहां क्या कर रहे हैं? मसीही दिखानें का नाटक कर रहे हैं और यह, वह आदि आदि कर रहे है और इन मतसारों में सदस्य हो जाओ, हाथ मिलाओ इस प्रकार के पेन्तेकोस्तल या वह या मैथोडिस्ट या प्रेसविटेरियन या बैपटिस्ट या कैथोलिक? यह सब क्या है? हम क्या कर रहे हैं खेल रहे हैं रबड़ छुपा दो, बिल्ली और चूहा? हम कहां पर हैं?

131 तो फिर एक ही मार्ग है, केवल एक ही नेव, केवल एक ही निश्चित मार्ग है, वही अनुवाद जो वचन यीशु ने दिया, हेल्लिुय्याह! वही व्याख्या है वहीं सही है कहा ''यदि मैं उन कार्यों को ना करू जो परमेश्वर ने कहा, मैं करुंगा, तो मेरा विश्वास ना करो ''आमीन, यही अनुवाद है।

132 यीशु ने कहा आज का अनुवाद'' वह जो मुझ पर विश्वास करता है।

वही कार्य जो मैं करता हूं वह भी करेगा, और वचन ने यह कहा वह कल आज और सर्वदा एकसा है यीशु ने कहा इसी से तुम जान सकते हो कि मैं परमेश्वर के पास से आया हूं या नहीं, इसी प्रकार से आप जान सकते हैं।

133 उन्होंने कहा ''एक मिनट रुको, हमारे पास अनुवाद है हमारा पिता उसने कहा हमारे पूर्वजों ने जंगल में मन्ना खाया और यीशु ने कहा वे सब मर गए'' हमने मारी हुई चटटान से पानी पिया और वे सब मर गए।

134 कहा, परन्तु जीवन की रोटी मैं हूं जो परमेश्वर के पास से आई है स्वर्ग से ''और यह मैं नहीं जो बोलता हूं, यह मेरा पिता जो मुझ में रहता है, दिव्य वचन की वही व्याख्या करता है और वह फिर सिद्ध करता है कि वह परमेश्वर है क्योंकि वह ठीक मेरे साथ करता

है जो उसने कहा कि वह करेगा'' आमीन यही पवित्र लेख है।

135 यही संदेश लोगों को देना है; ना कि पालना ना कि एक चरनी क्रिसमस पूरी बाईबल में कही इसका उल्लेख नहीं है कभी नहीं, एक बार भी यीशु ने अपने जन्म का उल्लेख नहीं किया सिवाए उसकी मृत्यु के।

136 यीशु ने कभी भी एक बार नहीं कहा ''कलीसिया के सदस्य बनो, कभी भी एक बार नहीं कहा'' मतसार का कविता पाठ को परन्तु उसने कहा ''मेरे पास आओ''।

137 और उसने कहा ''वह जो आता है, वे कार्य जो मैं करता हूं उससे भी होंगे जैसे मुझ से होते हैं।

138 क्योंकि यदि मैं अपने पिता के काम ना करू तो मेरा विश्वास ना करो क्योंकि वचन ने कहा जब मसीह आता है तो यह चीजें घटित होगीं वह एक भविष्यद्वकता होगा जी हां वह एक भविष्यद्वक्ता होगा वह मूसा के अनुसार एक नबी होगा।

लंगड़े हिरण के समान उछलेंगे, अंधे देखेंगे, बहरे सुनेंगे गूगें बोलेगें यह उसमें से होते हुए प्रगट होगा, वह कैसे मसीह के चिन्हों को दिखा सका।

अब यदि मसीह के चिन्ह मेरी सेवकाई को प्रभावित ना करे उसने कहा तो फिर मेरा विश्वास ना करो परन्तु यहां वह मार्ग है कि आप वचन की व्याख्या करते हैं उसने कहा यदि मैं यह चिन्ह ना दिखाऊं तो फिर इसका विश्वास ना करो।

परन्तु यदि मैं चिन्ह दिखाता हूं और तुम मेरे वचन कि व्याख्या का विश्वास नहीं करते, तो चिन्हों को विश्वास करो, क्योंकि वह वचन पर बोलते है,यही इसकी वास्तविक व्याख्या है यही है, यह संदेश है।

139 आपको किसी और का वचन नहीं लेना है, आपको किसी कलीसिया का सदस्य नहीं होना है, आप कलीसिया में सदस्य नहीं हो सकते, आप इस संस्थाओं में सदस्य हो सकते हैं परन्तु परमेश्वर की कलीसिया, आपको इसमे कलवरी से हो कर इसमें जन्म लेना है।

140 कहते है, परमेश्वर का धन्यवाद हो! मैं भी भाई ब्रन्हम ''तो

फिर जो कार्य यीशु ने किए हम भी करोगे, यही जो यीशु ने कहा समझे? वे काम जो मैं करता हूं.....'' क्या? उसने कहा, जो काम मैं करता हूं वे मेरी गवाही देते है, हेल्लिुय्याह! जो काम मैं करता हूं वे गवाही देते हैं।

क्या आप नहीं देखतें? दूसरे शब्दो में, मसीह के चिन्ह क्या आप नहीं देख सकते मसीह को क्या करना था? और तुम विश्वास नहीं करते, मेरे पास वचन की सही व्याख्या है तो फिर क्यो मेरा पिता इसका पक्ष ले रहा है?

आप सोचते हैं मैं आपके संस्थाओं के बहुत विरोध में हूं उसने कहा यदि आप सोचते है मैं पागल मनुष्य हूं, मुझ में शैतान है मेरा चित ठिकाने पर नहीं है।

141 उन्होंने यीशु से कहा वह पागल है ''पागल'' का मतलब ''सनकी'' तुम सनकी हो, तुम हमारे झुण्ड से नहीं हो और तुम यहां एक पागल व्यक्ति के समान हो, तुम्हारा चित ठिकाने पर नहीं है।

142 तब यीशु उन से यह कह सकता था ''तब यदि तुम परमेश्वर से हो तो परमेश्सर के चिन्ह कहां है? यदि तुमने मूसा में विश्वास किया है, तो तुम्हारे साथ मूसा के चिन्ह कहां है? यदि तुमने भविष्यद्वक्ताओं में विश्वास किया है, तो तुम्हारे साथ भविष्यद्वक्ताओं के चिन्ह कहां है?

यदि तुम विश्वास नहीं कर सकते हो कि मेरे पास सही व्याख्या नहीं है तो चिन्हों का विश्वास को क्योंकि वे मेरी गवाही देते हैं कि मैं सही हूं हेल्लिुय्याह!

वे जो मेरी गवाही देते हैं वे अभिलेख देते है कि मैं ठीक हूं या नहीं, वह सब जो पिता ने मुझे दिया है इसका अनुकरण करेगा और इस पर आएगा और कोई मनुष्य आने योग्य नहीं है जब तक की पिता ही उसे ना बुलाए'' ठीक बात है।

143 फिर भी ''उसने बहुत से कार्य किए'' बाईबल बताती है, फिर भी वे उसका विश्वास ना कर सके, क्योंकि यशायाह ने कहा उनके कान है, सुन नहीं सकते, आंखे है देख नहीं सकते वे चमगादड के

समान अंधे हैं, फिर भी वे नहीं देख सकते क्योंकि भविष्यद्वक्ता ने कहा वे नहीं देख सकते, अब आज वही बात है जो तब थी।

144 जी हां कहा यदि तुम नहीं सकते.....मैं कार्य नहीं करता, वह मैं नहीं जो करता हूं, वचनो को बोलता हूं मैं नहीं जो कार्यों को करता हूं नहीं तो, यह मेरा पिता है और यदि तुम जानते कि परमेश्वर क्या था, परमेश्वर स्रष्टिकर्ता, परमेश्वर वह जो मूसा पर था और परमेश्वर जो मूसा पर था और और परमेश्वर ने मूसा में हो कर मेरे दिन को पहले से बताया।

परमेश्वर पुराने नियम में था, उसने कहा, इतना जितना कहना है ''वह जो भविष्यद्वक्ताओं पर था, यह बताया कि मुख्य भविष्यद्वक्ता किसी दिन आएगा और उसके पास बालक जमा होंगे, यदि तुम विश्वास नहीं कर सकते कि जिस वचन कि मैंने तुम्हें व्याख्या दी है, तो फिर चिन्ह का विश्वास करो क्योंकि वे मेरे विषय में बोलते हैं।

145 ओह वे विश्वास नहीं कर सके, वे इसे देख नहीं सके, वह शरीर में परमेश्वर था, क्योंकि वह क्या था? वह प्रगट हुआ वचन था, वह वह था जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने की थी।

146 ब्रन्हम आराधनालय सुन अपनी कमर कस लो इस बडे दिन कि बेला रात्रि में समझे?

यदि वह वह नहीं था तो परमेश्वर उसे प्रमाणित नहीं करता निश्चय ही।

147 दूसरे शब्दो में वह कह सकता था, तुम्हारे कौन से झुण्ड (फरीसी, सदूकी या वह जो भी हो सकते थे) तुम्हारे कौन से मनुष्य जो तुम्हारे महायाजक, जो तुम्हारे ज्ञानवान जिनका परमेश्वर ने अपने वचन को बोलने के लिए उपयोग किया और इसे प्रगट किया, यह कहने को कि यह सही है?

148 वे कह सकते थे भाई हमारे लोग शिक्षित है, हम बुद्धिमान है हम बाईबल को पीढ़ी दर पीढ़ी से जानते हैं।

149 तो फिर क्यों नहीं परमेश्वर ने उन में इसे फिर से जीवित नहीं रहने दिया यदि यह परमेश्वर का वचन था?

150 देखिए ''मैं और मेरा पिता एक है'' तीन नहीं ''हम एक हैं'' परमेश्वर उसमें है, परमेश्वर उसमें हो कर बोलता है, उसका अपना कुछ नहीं है, परन्तु यह परमेश्वर की आवाज मनुष्य के होटो से है हेल्लिुय्याह!

151 और आज रात्रि हर विश्वासी उसमें है, वैसे ही अपने में रखता है, इतना रखता है इतना पूर्णत: समर्पित है यहां तक की उसके वचन मसीह के वचनों के समान हो जाते हैं, वह बोलता है और वचन देहधारी हुआ, उसने बोलता है और वचन प्रगट हुआ वे काम जो मैं करता हूं तुम भी करोगे वे जो विश्वास करते उनके यह चिन्ह होंगे।

152 यशायाह ने 42वें अध्याय में कहा, हम पढ़ते हैं '' महान उजिलाया आ गया है'' उजिलाया! ओह मैं विषय से अलग नहीं हटना चाहता, परन्तु वह महान उजिलाया जो कभी उस नम्र व्यक्ति में चमका था, वह छोटा नासरी।

एक मनुष्य जिसमे सुन्दरता नहीं थी कि हम उसकी इच्छा करते, एक मनुष्य बिना शिक्षा के, संसारिक आधार पर बोल रहा हूं, एक मनुष्य जो धर्मविधी और संसार की बाते नहीं जानता, परन्तु प्रेम आत्माओं को बोध सकता मरे हुओ को जीवित कर सकता है और शैतान थरथराया।

153 ओर परमेश्वर ने उसे स्वर्ग से पहचाना और बोला ''यह मेरा प्रिय पुत्र है'' धन कुबेरो के सामने नहीं, परन्तु चुने हुए झुण्ड के सामने जिसे उसने बुलाया, महान उजियाला!

154 क्यों? उसके वचन से एक महान उजियाला चमक रहा था वचन क्या था? मसीह, वह क्या था? वचन जीवन को लाया वचन को जीवन पर लाया गया, महान उजियाला दिया उससे जो उसने कहा ''उजियाला हो जा'' उत्पत्ति एक में।

वह स्रष्टी का उजियाला था, एक मरणहार स्रष्टि जिसे गिरना ही था परन्तु उसका वचन अनन्त जीवन था और अनन्त उजियाला और जब एक मुनष्य ने विश्वास किया था उसके पास अनन्त उजियाला था।

